उत्तर प्रदेश सरकार
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# जनपद मिर्जापुर में 'बचपन डे केयर सेंटर' के भवन निर्माण हेतु ₹328.42 लाख की वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष ₹200.00 लाख की प्रथम किश्त अवमुक्त

लखनऊ : 11 सितम्बर, 2026

उत्तर प्रदेश सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजन कल्याण व विकास एवं उनके सुगम पुनर्वास की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जनपद मिर्जापुर में 'बचपन डे केयर सेन्टर' के भवन निर्माण कार्य को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। मूल्यांकन समिति की संस्तुति के आधार पर परियोजना की कुल लागत ₹328.42 लाख (तीन करोड़ अट्ठाइस लाख बयालीस हजार रुपये) निर्धारित की गई है। वित्तीय वर्ष 2026–27 के अंतर्गत निर्माण कार्य शुरू करने के लिए प्रथम किश्त के रूप में ₹200.00 लाख (दो करोड़ रुपये) की धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है।

निर्माण कार्य सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के बाद ही प्रारम्भ किया जाएगा। कार्य की गुणवत्ता, निर्धारित मानकों एवं विशिष्टियों को बनाए रखने की जिम्मेदारी दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग तथा कार्यदायी संस्था की होगी। इसके साथ ही निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व आवश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लियरेंस सक्षम स्तर से प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

इस संबंध में उत्तर प्रदेश शासन के संयुक्त सचिव श्री राकेश कुमार यादव द्वारा निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ०प्र० को आधिकारिक स्वीकृति पत्र जारी कर दिया गया है। सरकार द्वारा स्पष्ट किया गया है कि स्वीकृत धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकता के अनुसार किश्तों में तथा निर्धारित वित्तीय नियमों के अनुरूप किया जाएगा।

---

सम्पर्क सूत्र : मो0 इक़बाल खाँ, सू0अधि0